Need to restart DC train and to provide stoppage of various trains in Giridih Parliamentary Constituency ? laid

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह): धनबाद - मुंबई, गिरीडीह- कोलकाता, गिरीडीह-पटना के लिये नई ट्रेन शुरू की जाए। गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए यह बहुत ज़रूरी है। तेलो स्टेशन में ट्रेन स० 13319/13320 दुमका बैद्यनाथ धाम राँची इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं 18625/18626 हटिया पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का ठहराव होता था, लेकिन कोरोना अवधि से दोनों ट्रेनों का ठहराव बंद है। डीसी ट्रेन का परिचालन शुरू कराया जाए। क्षेत्र की जनता खासकर विद्यार्थियों, दिहाड़ी मजदूरों, ग्रामीण आबादी जो हाट बाजार के लिए इस पर निर्भर हैं, उनको सुविधा व राहत मिलेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस राँची हटिया कुर्ला एक्सप्रेस 08609-10 और हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस 02385-86 का ठहराव पारसनाथ स्टेशन में हैं। गोमो स्टेशन में पूर्वा एक्सप्रेस 12381, 12382, जोधपुर एक्सप्रेस 12308, 12307 और लालकुआं एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का ठहराव दिया जाए। इन ट्रेनों के ठहराव होने से बोकारो, चंद्रपुरा, बेरमो, बाघमारा, तोपचांची, गोमो और गोमिया तक की बड़ी आबादी लाभान्वित होगी और रेल के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। गिरिडीह लोकसभा के लोगों की वर्षों की इन माँगो को अनदेखा ना किया जाए क्योंकि इससे लाखों लोग प्रभावित हो रहे है। और पहले से चल रही ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर देने से लोगों को काफ़ी परेशानी हो रही है।

____

माननीय सभापति : श्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर जी।

? (व्यवधान)

14.14 hrs